भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या : **5456**

दिनांक 25 जुलाई , 2019 / 3 श्रावण, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

पंजाब में हवाई संपर्क

5456. डॉ. अमर सिंह:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के तहत वाणिज्यिक परिचालन के लिए उपयोग नहीं किए जाने वाले कई हवाई अड्डे मौजूद हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की पंजाब में विशेष रूप से हलवाड़ा, लुधियाना जिला में हवाई अड्डों के संचालन की कोई योजना है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) पंजाब में हवाई संपर्क और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) और (ख): जी हां। वर्तमान में, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण(AAI) के 15 परिचालित हवाईअड्डे जैसे अकोला, बेहला, बिलासपुर, फैजाबाद, गोंदिया, हैदराबाद (बेगमपेट), जुहू (मुंबई), कानपुर (सिविल), केशोद, कोटा, मेरठ, मुरादाबाद, सफदरजंग, शोलापुर और तेजू पर किसी अनुसूचित उड़ान का प्रचालन नहीं है।

(ग) और (घ): भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने पंजाब सरकार के साथ लुधियाना जिले के हलवाड़ा में एक नए सिविल एन्क्लेव के विकास के लिए सहयोग किया है और 12.06.2019 को राज्य सरकार के साथ इस संबंध में एक संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

(ङ॰): हवाईअड्डे के बुनियादी ढांचे में सुधार एक सतत प्रक्रिया है जो यात्रियों की संख्या, परिचालन आवश्यकताओं, भूमि की उपलब्धता आदि के आधार, पर समय-समय पर एएआई द्वारा की जाती है। एएआई ने आदमपुर हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन के निर्माण और अमृतसर हवाईअड्डे पर अतिरिक्त पार्किंग बे बनाने का काम शुरू किया है। इसके अलावा, पंजाब के आदमपुर, भटिंडा, लुधियाना और पठानकोट हवाईअड्डों से क्षेत्रीय संपर्क योजना- उड़ान के अंतर्गत उड़ानें शुरू हो गई हैं।

*****